तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 1 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

**शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं, लक्ष्य निर्धारित कर विद्यार्थी करें मेहनत : लखनलाल**



(कोरबा) प्रवेश प्रारंभ (कटघोरा)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड- इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोटः अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
पताः प्राचार्यः लालूराम कालोनी (पवन भोग आटा चक्की के पीछे) कोरबा
मो. 9203903521, 9425556340, 9203914561
पताः प्राचार्यः निहारिका टॉकीज कम्पाउंड, गोपाल पेट्रोल पंप के सामने कटघोरा
मो. 9203914562, 9691946265, 9203914561

# नॉमिनी नहीं, कानूनी वारिस हैं पीएफ और ग्रेच्युटी का असली हकदार

## कलकत्ता हाईकोर्ट का फैसला, कोल कर्मचारियों पर भी होगा लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कलकत्ता हाईकोर्ट ने भविष्य निधि और ग्रेच्युटी को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि नॉमिनी केवल राशि प्राप्त करने का माध्यम होता है, वास्तविक मालिक नहीं। यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है, तो पीएफ और ग्रेच्युटी पर अंतिम अधिकार उसके कानूनी उत्तराधिकारियों का होगा, न कि केवल नॉमिनी का।

कोल इंडिया और उसकी सभी अनुषंगी कंपनियों एसईसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल, सीसीएल, डब्ल्यूसीएल, एनसीएल, एमसीएल, सीएमपीडीआई में बड़ी संख्या में ऐसे कर्मचारी हैं जिन्होंने नौकरी के शुरुआती वर्षों में अपने माता-पिता को नॉमिनी बनाया था, लेकिन विवाह के बाद नामांकन में संशोधन नहीं कराया।

**खास बात**
- कोर्ट ने कहा नॉमिनी केवल भुगतान प्राप्त करने का माध्यम है



ऐसी स्थिति में कर्मचारी की मृत्यु के बाद कई बार पत्नी, बच्चों और माता-पिता के बीच पीएफ, ग्रेच्युटी तथा अन्य सेवा लाभों को लेकर विवाद उत्पन्न हो जाते हैं। हाईकोर्ट का यह फैसला ऐसे मामलों में महत्वपूर्ण कानूनी मार्गदर्शन देता है। हाईकोर्ट ने कहा है कि नॉमिनी केवल भुगतान प्राप्त करने का माध्यम है, नॉमिनी को राशि वास्तविक कानूनी वारिसों तक पहुंचानी होगी, नॉमिनी होने मात्र से वह पूरी राशि का मालिक नहीं बन जाता, पीएफ और ग्रेच्युटी का अंतिम अधिकार उत्तराधिकार कानून के अनुसार तय होगा। यह फैसला एक कर्मचारी से जुड़े मामले में आया। कर्मचारी ने नौकरी के दौरान अपनी मां को नॉमिनी बनाया था। बाद में विवाह हुआ लेकिन नामांकन में पत्नी का नाम नहीं जोड़ा गया। कर्मचारी की मृत्यु के बाद पत्नी ने ग्रेच्युटी और पीएफ पर दावा किया, जिसे प्रारंभिक स्तर पर नकार दिया गया। लगभग 25 वर्ष की कानूनी लड़ाई के बाद हाईकोर्ट ने पत्नी और अन्य कानूनी वारिसों के पक्ष में फैसला सुनाया।

## खबर संक्षेप

### एसईसीएल के निदेशक को एमसीएल का अतिरिक्त प्रभार



**कोरबा।** केंद्र सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार केंद्रीय कोयला मंत्री की स्वीकृति से एसईसीएल के निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास को महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मानव संसाधन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह प्रभार 1 जुलाई से प्रारंभ होकर 6 माह अथवा नियमित निदेशक मानव संसाधन की नियुक्ति अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगा। बिरंची दास ने 20 मार्च 2024 को एसईसीएल के निदेशक मानव संसाधन का कार्यभार ग्रहण किया था।

### चेक बाउंस मामले के लिए विशेष लोक अदालत का 18 को

**कोरबा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन में एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार आगामी 18 जुलाई एवं 21 नवंबर को विशेष लोक अदालत में उन पक्षकारों जिसका परक्राम्य लिखत अधिनियम के अंतर्गत चेक बाउंस के मामले न्यायालय में लंबित है, उन्हें राजीनामा के माध्यम से निराकृत करा सकते हैं। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा संपूर्ण जिले के समस्त न्यायाधीशों को चेक बाउंस के मामले को चिन्हांकित करने हेतु निर्देश दिये हैं और अधिक से अधिक चेक बाउंस के प्रकरणों में दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर उनके मध्य प्री-सीटिंग करने के निर्देश दिये गये हैं।

### संचालक मंडल के निर्वाचन के लिए मतदान आज

**कोरबा।** मां सिंगारा सती बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित उमरेली विकासखंड करतला के संचालक मंडल सदस्यों के निर्वाचन हेतु मतदान 1 जुलाई को सुबह 10 बजे से अपरांह 3 बजे तक सोसायटी कार्यालय में कराया जायेगा। मतदान समाप्ति के एक घंटे के बाद समिति कार्यालय में मतगणना की जायेगी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य प्रतिनिधियों के निर्वाचन की प्रक्रिया 6 जुलाई को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक समिति कार्यालय में संपन्न होगी।

### बिना कार्यालय चक्कर लगाए समय पर मिला आय प्रमाण-पत्र

**कोरबा।** शासन की जनहितकारी पहल सेवा सेतु आम नागरिकों तक सरकारी सेवाओं की सहज, सरल और समयबद्ध पहुंच सुनिश्चित कर रही है। डिजिटल माध्यम से संचालित इस व्यवस्था ने वर्षों से चली आ रही अनावश्यक भागदौड़ और लंबी प्रशासनिक प्रक्रियाओं को काफी हद तक सरल बना दिया है। अब नागरिकों को आवश्यक प्रमाण-पत्रों के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि निर्धारित समय-सीमा में पारदर्शी तरीके से सेवाओं का लाभ मिल रहा है। तहसील कटघोरा के ग्राम राल निवासी रामेश्वर कंवर को अपने पुत्र हिमाचल सिंह एवं पुत्री देवांशी कंवर के लिए आय प्रमाण-पत्र की आवश्यकता थी। उन्होंने आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कर पटवारी से सत्यापन कराया तथा सुतर्रा स्थित लोक सेवा केंद्र के माध्यम से सेवा सेतु पोर्टल पर आवेदन प्रस्तुत किया।

## विषय विशेषज्ञ प्राध्यापकों है पदस्थापना

# प्रवेश के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के बरपाली और भैसमा कॉलेज छात्रों के लिए बनी पहली पसंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा विस्तार के तहत चल रहे शासकीय कॉलेजों में छात्रों की दर्ज संख्या बढ़ाने के लिए चलाए गए शाला पोषक अभियान का परिणाम बेहतर नजर आया। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए

**खास बात**
- शाला पोषक अभियान से बढ़ रही है छात्रों की दर्ज संख्या

भैसमा और बरपाली कॉलेज प्रवेश के लिए छात्रों की पहली पसंद बना हुआ है। दोनों ही कॉलेजों में दर्ज संख्या हजार के लगभग पहुंच चुकी है।

नए शिक्षण सत्र की शुरुआत 1 जुलाई से शुरु हो रही है। अटल बिहारी विश्वविद्यालय से संबद्ध जिले के शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु पंजीयन की तिथि 30 जून निर्धारित थी। ऑनलाइन रजिस्टेशन का काम 16 जून से शुरु किया गया है। 1 जुलाई को सूची जारी होने के बाद प्रवेश की प्रक्रिया शुरु हो जाएगी। शहरी क्षेत्र में पीजी कॉलेज और मिनीमाता कॉलेज छात्र छात्राओं के लिए प्रवेश के लिए पहली पसंद बना है तो वहीं ग्रामीण अंचलों में भैसमा शासकीय महाविद्यालय एवं बरपाली शासकीय महाविद्यालय प्रवेश के लिए पहली पसंद बन चुका है। बीते वर्ष भैसमा महाविद्यालय में 930 दर्ज संख्या थी वहीं बरपाली महाविद्यालय में दर्ज संख्या का आंकड़ा 905 पहुंच चुका था। दोनों ही महाविद्यालय में प्रोफेसनल कोर्स के साथ बीए, बीएससी, बीकॉम की कक्षाएं चल रही है। जिनके लिए प्राध्यापकों की पदस्थापना विश्वविद्यालय के द्वारा किए जाने के बाद छात्रों का रुझान प्रवेश के लिए इन दोनों कॉलेज के प्रति तेजी से बढ़ा है। जबकि करतला ब्लॉक मुख्यालय के साथ रामपुर और उमरेली में शासकीय महाविद्यालय संचालित है। दूरस्थ ग्रामीण अंचल होने के कारण यहां के छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा की सुविधा देने के लिए महाविद्यालयों की शुरुआत की गई है। भवन नहीं होने की वजह से वैकल्पिक रुप में इनका संचालन हायर सेकेंडरी भवन में किया जा रहा है। हालांकि दोनों ही कॉलेजों के स्थानीय प्रबंधन के द्वारा दर्ज संख्या बढ़ाने के लिए संपर्क अभियान भी चलाया गया है।



भैसमा कालेज।

### ये है कॉलेजों में प्रवेश की स्थिति

10 दिनों के पंजीयन प्रक्रिया के बाद मिले आवेदनों के आधार पर नवीन कॉलेजों में जटगा इस बार भी काफी पीछे हैं। यहां की बीए व बीकॉम की 180 सीटों पर महज 10 छात्रों के आवेदन मिले हैं, जबकि बांकीमोंगरा नवीन कॉलेज में 270 सीटों पर 66, आदर्श कॉलेज बंजारी के 270 सीटों पर 62, आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज की 270 सीट पर 63, उमरेली व रामपुर कॉलेज के 270-270 सीटों पर क्रमशः 26 व 41 छात्रों के आवेदन मिले हैं, जबकि अन्य कॉलेजों की स्थिति संतोषजनक बनी हुई है।

### बंजारी मॉडल कॉलेज की कमान फिर पीजी कॉलेज को

बीते 8 सालों में बनकर तैयार हुए बंजारी आवासीय महाविद्यालय के संचालन की व्यवस्था एक बार फिर पीजी कॉलेज के अधीन सौंप दी गई है। बीते वर्ष बरपाली महाविद्यालय प्रबंधन के द्वारा इसका संचालन किया जा रहा था उसके पूर्व जब से आवासीय महाविद्यालय का संचालन जिले में शुरु हुआ है तब से पीजी कॉलेज प्रबंधन के द्वारा ही इसकी व्यवस्था देखी जा रही थी एवं आवासीय महाविद्यालय की कक्षाएं भी पीजी कॉलेज के भवन में लगा करती थी। वर्ष 2025 में बरपाली कॉलेज प्रबंधन को इसके बागडोर का जिम्मा दिया गया था लेकिन पीजी कॉलेज में संचालन के समय मॉडल कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र बरपाली नहीं गए और उन्होंने पीजी कॉलेज में ही प्रवेश ले लिया। वर्तमान में बंजारी मॉडल कॉलेज में महज 51 छात्र ही बीते वर्ष दर्ज थे। जिनकी कक्षाएं बरपाली कॉलेज में संचालित हो रही है। इस वर्ष भी कक्षाएं बरपाली कॉलेज में लगेंगी किंतु प्रवेश एवं अन्य शासकीय कार्य पीजी कॉलेज प्रबंधन संचालित करेगा।

### बढ़ी है छात्रों की दर्ज संख्या

कॉलेज में छात्रों की दर्ज संख्या बीते कुछ वर्षों की तुलना में बढ़ी है। शाला पोषक अभियान भी चलाया गया था। इसके तहत प्राध्यापकों के द्वारा आसपास के हाई स्कूलों में सर्वे भी किया गया। जिसका परिणाम बेहतर रहा है।

**-साधना खरे**, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय भैसमा

### मॉडल कॉलेज का प्रभार पीजी कॉलेज को

बंजारी के आवासीय मॉडल कॉलेज का प्रबंधकीय अधिकार पीजी कॉलेज के पास है। पिछले वर्ष बरपाली कॉलेज के द्वारा ही इसका संचालन किया जा रहा था। इस वर्ष से पीजी कॉलेज को सौंप दिया है। बरपाली कॉलेज में छात्रों की दर्ज संख्या 905 है।

**-चैत्यनानंद**, प्राचार्य बरपाली शासकीय महाविद्यालय

### शराब के नशे में युवक ने पुलिसकर्मियों से की हुज्जतबाजी, मामला दर्ज

**कोरबा।** शराब के नशे में धुत्त एक युवक सीधे थाना परिसर में घुस गया और पुलिसकर्मियों से अभद्रता करते हुए जमकर हंगामा किया। उसने सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ करते हुए जमकर हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस कर्मियों ने किसी तरह युवक को समझाकर मामला शांत किया।

पुलिस इस मामले में हंगामेबाज युवक के खिलाफ धारा 132, 231, 296, 324 (4), 351 (3), 355 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। 29 जून की दोपहर लगभग 3 बजे सहायक उपनिरीक्षक कुंवर साय थाना कोतवाली में ड्यूटी पर थे। इसी दौरान आरोपी शराब के नशे में वहां पहुंचा और बिना किसी कारण पुलिस कर्मचारियों से गाली-गलौज शुरू कर दी। उसने जान से मारने की धमकी देते हुए शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई और थाना परिसर का माहौल बिगाड़ दिया। आरोपी ने थाना के दस्तावेज इधर-उधर फेंक दिए और ड्यूटी पर मौजूद महिला आरक्षक के साथ भी गाली गलौच कर जमकर हंगामा किया है। मामले में सीतामणी निवासी राजेश चौहान के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

# अवैध गांजा की तस्करी के मामले में आरोपी को मिली दो साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) श्रीमती गरिमा शर्मा की अदालत ने अवैध मादक पदार्थ गांजा रखने और बेचने के आरोपी सलीम मोहम्मद को दोषी करार देते हुए दो साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोषी पर 10,000 रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया है, जिसे अदा न करने पर उसे एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन मामले के अनुसार, यह पूरी कार्रवाई 23 मई 2025 को आबकारी वृत्त कोरबा दक्षिण के अमले द्वारा की गई थी। मुखबीर से मिली सटीक सूचना के आधार पर आबकारी उप निरीक्षक मुकेश पाण्डेय ने करतला थाना अंतर्गत ग्राम नोनबिर्रा में रहने वाले आरोपी सलीम मोहम्मद (48 वर्ष) के रिहायशी मकान पर दबिश दी थी। गवाहों की मौजूदगी में जब संदेही के मकान की तलाशी ली गई, तो उसके शयन कक्ष में एक लाल-पीले रंग के कपड़े के थैले के भीतर, प्लास्टिक की पॉलिथीन में छिपाकर रखा हुआ गांजा और तराजू-बाट बरामद हुआ। बरामद मादक पदार्थ का कुल वजन 1 किलो 200 ग्राम पाया गया, जो कि व्यावसायिक मात्रा से कम और अल्प मात्रा से अधिक की श्रेणी में आता है। आबकारी विभाग की टीम ने मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मामले को न्यायालय में पेश किया था। जहां मामले की सुनवाई हुई और आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय ने मजबूती से साक्ष्यों को न्यायालय में पेश किया था। जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर दो वर्ष सश्रम कारावास व 10 हजार रुपए का अर्थदंड से दंडित किया है।

# ब्यूटी पार्लर जाने के नाम पर घर से निकली युवती की दर्री डेम में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 22 वर्षीय युवती सोमवार की शाम अपने घर से ब्यूटी पार्लर जाने के नाम पर निकली थी। लेकिन देर शाम होने के बाद भी वह घर नहीं लौटी और परिजनों को चिंता सताने लगी परिजनों ने आसपास क्षेत्र में उसकी खोजबीन भी की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। अगले दिन सुबह लापता युवती की लाश दर्री डेम में तैरती हुई मिली। फिर क्या था परिजनों में हड़कंप मच गया और लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने गोताखोरों की मदद से लाश को डेम से बाहर निकाला। युवती ने आत्महत्या की है या फिर मामला कुछ और ही है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया है।

मामला दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंचाई कॉलोनी की है। यहां निवासरत नंदिनी मेहर उम्र 22 वर्ष पिता नरेश मेहर सोमवार की शाम अपने घर से ब्यूटी पार्लर जाने और वापसी में गार्डन से घूमते हुए घर लौटने की बात अपने परिजनों को बताई थी। रात होने के बाद भी नंदिनी का कुछ पता नहीं चला। इस बीच परिजनों ने उसके सहेलियों और आसपास क्षेत्र में उसकी खोजबीन की। लेकिन पूरी रात खोजने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला जिसके उपरांत मंगलवार की सुबह लगभग 6 बजे यह पता चला कि दर्री बराज के गेट नंबर 10 में एक युवती की लाश मिली है। यह सूचना मिलते ही नंदिनी के परिजन मौके पर पहुंचे, ⏭ शेष पेज 2 पर

**खास बात**
- तहकीकात में जुटी पुलिस, हत्या या फिर मामला आत्महत्या का



घटनास्थल में लगी लोगों की भीड़।

# भारतमाला, बिलासपुर-उरगा के बीच वाहनों के प्रवेश पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतमाला परियोजना के अंतर्गत विकसित किए जा रहे रायपुर-धनबाद इकोनॉमिक कॉरिडोर के

**खास बातें**
- एनएचआई ने सभी एंट्री एवं एग्जिट पाइंट किए बंद
- सीसीटीवी निगरानी के साथ उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध होगी नियमानुसार कानूनी कार्यवाही

निर्माणाधीन बिलासपुर-उरगा खंड पर आम नागरिकों एवं सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित है। यह खंड अभी निर्माणाधीन है तथा तकनीकी रूप से सामान्य यातायात के लिए चालू नहीं किया गया है। वर्तमान में इस मार्ग का उपयोग केवल परियोजना निर्माण कार्य में संलग्न वाहनों, मशीनरी एवं अधिकृत कर्मियों द्वारा ही किया जा रहा है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), परियोजना कार्यान्वयन इकाई, कोरबा के परियोजना निदेशक अंकित आनंद ने बताया कि निर्माणाधीन बिलासपुर-उरगा खंड पर अनधिकृत आवागमन को रोकने के लिए सभी एंट्री एवं एग्जिट पॉइंट बंद कर दिए गए हैं। साथ ही, पूरे राजमार्ग में निगरानी के लिए सीसीटीवी सर्विलांस प्रणाली स्थापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध के बावजूद निर्माणाधीन मार्ग पर प्रवेश करने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एनएचएआई ने सभी नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्माणाधीन मार्ग पर प्रवेश न करें तथा आवागमन के लिए केवल निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें। निर्माणाधीन मार्ग पर अनाधिकृत प्रवेश न केवल सुरक्षा की दृष्टि से अत्यधिक जोखिमपूर्ण है, बल्कि इससे निर्माण कार्य की गति भी प्रभावित हो सकती है।




निर्माणाधीन भारतमाला।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### अश्वीका को मिला कला अभिमंत्र पुरस्कार



**कोरबा।** न्यू हब इनसाइट केयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय सांस्कृतिक आयोजन नाद मंजरी सीजन-3 का आयोजन 26 से 29 जून तक संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित आयोजन में कुमारी अश्वीका साव को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रतिभा, सृजनात्मकता, समर्पण एवं प्रेरणादायी योगदान के लिए कला अभिमंत्र पुरस्कार 2026 (नृत्य उदिता) से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें कत्थक नृत्य के प्रति उनकी निरंतर साधना, उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन में योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विनय पाठक, डॉ. चंद्र भूषण बाजपेयी, पंकज खंडेलवाल, सुरेन्द्र वर्मा उपस्थित रहे।

### एनएसयूआई ने कटघोरा विधायक का फूंका पुतला, जताया विरोध



**कटघोरा।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल के गृह ग्राम उतरदा में विद्यालय भवन निर्माण के भूमिपूजन किया गया है जिसे लेकर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर ने भूमिपूजन की प्रक्रिया, स्वीकृत राशि और प्रशासनिक जानकारी को लेकर गंभीर सवाल खड़े करते हुए विरोध जताया है। उनका आरोप है कि छात्र आंदोलन और पुतला दहन की घोषित तिथि से ठीक एक दिन पहले आनन-फानन में भूमिपूजन किया गया। श्री राठौर का कहना है कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रेलडबरी, लोटनापारा जयंती नगर एवं उतरदा के लिए कितनी राशि स्वीकृत हुई है, इसकी अब तक सार्वजनिक जानकारी नहीं दी गई है। एनएसयूआई का दावा है कि भूमि पूजन की जानकारी ग्राम पंचायत के सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और संकुल स्तर के जिम्मेदार लोगों तक को नहीं थी। एनएसयूआई ने मांग की है कि स्वीकृत बजट, निर्माण एजेंसी और कार्ययोजना की पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाए, ताकि शिक्षा से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। इस दौरान परमेश्वर कौशिक, लक्ष्मी बंजारे, आकाश बर्मन, करण पटेल, प्रदीप कश्यप, मुकेश यादव, ओमप्रकाश पटेल, भूपेंद्र चौबे, रामकिशन पटेल, कमलेश, देवेंद्र यादव उपस्थित रहे।

## 2,357 घरों तक पहुंची स्वास्थ्य टीम

# बालको अस्पताल ने चलाया पल्स पोलियो अभियान

**बालकोनगर।** वेदांता एल्यूमिनियम मेटल लिमिटेड की भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में भागीदारी निभाई। बालको अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक सिन्हा के नेतृत्व में 800 से अधिक बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी गई। अभियान की शुरुआत बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में अस्पताल से की गई। अस्पताल के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीमों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अभियान को सफल बनाया।



बालको अस्पताल द्वारा 12 से अधिक प्रमुख स्थानों पर अस्थायी शिविर एवं चलित मोबाइल वैन के माध्यम से टीकाकरण किया गया। इनमें बालको अस्पताल सहित भदरापारा, कैलाश नगर, परसाभाठा, चेकपोस्ट, सतनाम नगर, दैहानपारा, बालको बस स्टैंड, बेलगिरी बस्ती, सेक्टर-3 दुर्गापूजा पंडाल तथा सेक्टर-4 गैस एजेंसी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मोबाइल वैन के माध्यम से भी विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी गई। साथ ही 2357 घरों तक जाकर दो दिन 'डोर टू डोर' अभियान चलया गया ताकि कोई भी बच्चा पोलियो टीकाकरण से वंचित न रहे। अभियान के दौरान विशेष रूप से बस स्टैंड और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में शिविर लगाए गए, जिससे यात्रा कर रहे परिवारों के बच्चों को भी दवा पिलाई जा सके। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा अभिभावकों को पोलियो उन्मूलन के महत्व के प्रति जागरूक भी किया गया। सेक्टर-3 के निवासी सोमनाथ पटेल ने कहा मेरी दो साल की बेटी को बालको अस्पताल में पल्स पोलियों की खुराक दिलाने के साथ-साथ स्वास्थ्य टीम हमारे घर पर भी आई। पोलियो मुक्त भारत के प्रति अस्पताल की इस सोच के लिए मैं पूरी टीम को धन्यवाद करता हूं। 125-बेड वाला बालको अस्पताल कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर और जांजगीर-चांपा जिलों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ सरकार के सभी राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन कर सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से निभा रहा है।

### निरंतर जारी रहेगा योगदानः सिंह

बालको के सीईओ राजेश कुमार सिंह ने कहा ₹पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से समुदाय को सुरक्षित रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। इस टीकाकरण अभियान का उद्देश्य केवल बच्चों को सुरक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि प्रत्येक परिवार में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करना भी है। हमें प्रसन्नता है कि इस अभियान में से अधिक परिवारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बालको समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने तथा एक स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान निरंतर जारी रखेगा।

# दीपका खदान क्षेत्र में 3 रोलर सहित आरोपी गिरफ़्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिलासपुर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की टीम ने दीपका खदान क्षेत्र में मुस्तैदी दिखाते हुए चोरी की एक बड़ी वारदात को नाकाम कर दिया है बल के जवानों की त्वरित कार्रवाई और असाधारण सतर्कता के चलते न केवल चोरी के 3 कीमती रोलर बरामद किए गए बल्कि मौके से एक आरोपी को भी दबोचा गया है।



जानकारी के अनुसार 29 जून की अलसुबह दीपका माइन्स एरिया के बेल्ट नंबर-15 स्थित क्रॉसिंग पर सीआईएसएफ का एक जवान पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी पर तैनात था सुबह करीब 5:15 बजे जवान को एक संदिग्ध युवक रोलर ले जाते हुए दिखाई दिया। जवान ने सूझबूझ दिखाते हुए घेराबंदी कर तत्काल उस संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की पहचान आकाश दास पिता दीपेश दास निवासी बेलटिकरी के रूप में की गई है। सीआईएसएफ और क्यूआरटी द्वारा की गई पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर डब्ल्यूबी-27 क्षेत्र के पास से चोरी के कुल 3 रोलर को बरामद कर लिया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी आकाश दास ने बताया कि इस चोरी की वारदात में उसके साथ 4 अन्य सह-आरोपी भी शामिल हैं। जिसके आधार पर सीआईएसएफ और स्थानीय पुलिस द्वारा अन्य फरार संदिग्धों की धरपकड़ शुरू कर दिया गया है।

# बीपीएस में येलो डे, कम्युनिटी हेल्पर रोमांचक खेलों का आयोजन

**बिलासपुर।** ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल में शनिवार गतिविधियों के अंतर्गत प्री-प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उन्हें खेल-खेल में नई सीख प्रदान करना था।



कार्यक्रम की शुरुआत येलो डे सेलिब्रेशन से हुई। नन्हे-मुन्ने बच्चे पीले रंग की आकर्षक वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे। पीले रंग की थीम पर आधारित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को रंगों के महत्व एवं उनके दैनिक जीवन में उपयोग की जानकारी दी गई। कम्युनिटी हेल्पर गतिविधि के अंतर्गत बच्चों को एक डॉक्टर से परिचय कराया गया। डॉक्टर ने बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, संतुलित आहार एवं नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी तथा बच्चों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इसके बाद आयोजित फ्रॉग रेस, इंचवर्म रेस एवं स्कैवेंजर हंट जैसी रोमांचक गतिविधियों में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इन खेलों ने बच्चों की शारीरिक क्षमता, टीम भावना, अवलोकन कौशल और आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया। विद्यालय की चेयरपर्सन अंजली अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखकर व्यावहारिक, रचनात्मक एवं नैतिक शिक्षा से भी जोड़ना है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। वहीं डायरेक्टर आशीष अग्रवाल ने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों की जिज्ञासा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों के लिए इसी प्रकार की नवाचारपूर्ण एवं शिक्षाप्रद गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा।

पृष्ठ 1 का शेष

### ब्यूटी पार्लर...

जहां पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दर्री बराज में तैर रहे शव को बाहर निकाला और परिजनों ने उसकी शिनाख्त लापता नंदिनी के रूप में की है। नंदनी की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है या अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस मामले में विभिन्न एंगलों पर जांच कर रही है। नंदिनी ने डेम में छलांग लगाकर आत्महत्या की है या फिर मामला कुछ और ही है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। दर्री थाना प्रभारी तेज प्रताप यादव ने जानकारी देते हो बताया कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा, फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

## कोरबा मार्केट

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# डॉक्टर्स डे की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




























# जेबीसीसीआई गठन को लेकर श्रमिक संगठनों ने की गेट मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला कर्मियो के 11वां वेतन समझौते की मियाद 30 जून को समाप्त हो गई है। यही वजह है कि अब कर्मी 12वें वेतन समझौते को लेकर जेबीसीसीआई के गठन की मांग कर रहे हैं। मंगलवार को बीकेकेएमएस के नेतृत्व में गेट मीटिंग का आयोजन किया गया।

गेवरा स्थित केंद्रीय उत्खनन कर्मशाला के मुख्य द्वार पर भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के बैनर तले गेट मीटिंग आयोजित की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रमिकों ने 12वें वेतन समझौते को जल्द लागू करने और जेबीसीसीआई के शीघ्र गठन की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। सभा को संबोधित करते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए 12वें वेतन समझौते को बिना किसी देरी के लागू किया जाना चाहिए। साथ ही जेबीसीसीआई का तत्काल गठन कर श्रमिकों की लंबित मांगों का समाधान किया जाए।

श्रमिक नेताओं ने कहा कि श्रमिकों की एकजुटता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और सभी कर्मचारियों से संगठित रहकर अपने अधिकारों की लड़ाई को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

इस गेट मीटिंग में रामनारायण साहू, मदन सिंह, अरुण कुमार सिंह, हमराज़ राव, मुकुट कर्ष, बाबू सिंह, आर.के. त्रिपाठी, चंद्रशेखर सिंह राठौर, प्रीतम राठौर, कुणाल सिंह, धीरेंद्र प्रताप, विनोद कुमार, अशोक कुमार, राहुल कुर्रे सहित बड़ी संख्या में गेवरा क्षेत्र के कामगार उपस्थित रहे।

## 11वां वेतन समझौते की मियाद खत्म

**खास बातें**

- 12वं वेतन समझौते की कवायद शुरू
- जेबीसीसीआई गठन के लिए श्रमिक संघों ने आवाज की बुलंद



---

### उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसमा में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन

# शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं, लक्ष्य निर्धारित कर विद्यार्थी करें मेहनत : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नया सत्र नई ऊर्जा, नए संकल्प और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आगे बढ़ने का अवसर है। शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं होता। यह जीवन की सबसे बड़ी धरोहर है, जिसका कभी बंटवारा नहीं किया जा सकता। विद्यार्थी अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर पूरी मेहनत और लगन से अध्ययन करें, तभी वे सफलता के शिखर तक पहुंच सकेंगे। विद्यार्थी प्रतिदिन विद्यालय आएं, शिक्षकों का सम्मान करें, अनुशासन का पालन करें तथा देश के जिम्मेदार एवं आदर्श नागरिक बनें।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने भैंसमा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के दौरान कही। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि राज्य शासन की मंशा है कि प्रत्येक बच्चा शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। परिवार का एक सदस्य शिक्षित होने से पूरा परिवार जागरूक और प्रगतिशील बनता है। इसलिए शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा उनकी पढ़ाई-लिखाई में स्वयं रुचि लेने की अपील करते हुए कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रभावी कार्य कर रही है। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल, मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। श्रम विभाग द्वारा श्रमिक परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी पात्र हितग्राहियों को दिया जा रहा है। उन्होंने लोगों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कोरबा श्रीमती बीजमोती राठिया, अध्यक्ष करतला जनपद श्रीमती अशोका विश्राम कंवर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया, उपाध्यक्ष जनपद करतला मनोज झा, कलेक्टर कुणाल दुदावत, सहायक कलेक्टर ईशान जायसवाल, सीईओ दिनेश नाग, डीईओ टी पी उपाध्याय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं स्कूली बच्चे व पालक उपस्थित थे।


कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री लखन देवांगन, कलेक्टर, जिपं सीईओ व अन्य।

**किया जा रहा है अधोसंरचना का विकास**

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि नया शैक्षणिक सत्र नई आकांक्षाओं, नई ऊर्जा और नए संकल्पों के साथ प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए मजबूत अधोसंरचना और पर्याप्त मानव संसाधन दोनों की समान रूप से आवश्यकता होती है। इसी उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) के माध्यम से जिले के विद्यालयों में अधोसंरचना विकास एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगभग 255 करोड़ रुपए प्राथमिकता के साथ व्यय किए जा रहे हैं। साथ ही विद्यालयों में शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय स्तर पर शिक्षकों की नियुक्ति भी की जा रही है।

---

# अलग-अलग क्षेत्रों में तीन लोगों ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में तीन लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिए हैं। तीनों ही मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- कोतवाली, बालको व कुसमुंडा थाना क्षेत्र का मामला

पहली घटना कोतवाली थाना क्षेत्रांर्गत इमलीडुग्गू बस्ती की है। यहां निवासरत अश्वनी उरांव 23 वर्ष पिता घुरऊराम ने घर में फांसी लगा ली थी। जब परिजनों को पता चला तो उन्होंने उसे फंदे से नीचे उतार कर उपचार के लिए मेडिकल हास्पिटल पहुंचाया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अश्वनी ने किन कारणों से आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

दूसरी घटना बालको थाना क्षेत्र के सोनपुरी की है। जहां निवासरत रतिराम पिता बुधवार उम्र 62 वर्ष ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। पुलिस के मुताबिक मृतक इसके पहले भी आत्महत्या के लिए कई बार प्रयास कर चुका था। तीसरी घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्र के विकासनगर की है। यहां मकान नंबर बी 132 में निवासरत शिक्षक राजा सरकार के 19 वर्षीय पुत्र वासु सरकार ने मंगलवार की दोपहर घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त माता पिता दोनों बाहर थे, जब वे घर लौटे तो दरवाजा नहीं खुलने पर खिड़की से झांक कर देखा कि उनका पुत्र फंदे से लटका हुआ है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है। युवक ने किन कारणों के चलते आत्महत्या की है यह पता नहीं चल पाया है।

## गुपचुप व्यवसायी हुआ लापता

**कोरबा।** सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र से गुपचुप व्यवसायी धर्मेंद्र जायसवाल (30) पिछले चार दिनों से लापता हैं। 26 जून की सुबह घर से निकलने के बाद वह वापस नहीं लौटे। परिजनों ने काफी तलाश के बाद थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

---

# केपीएल की विस्तार परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण का ग्रामीणों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा पॉवर प्लांट (केपीएल) के विस्तार परियोजना के लिए पताढ़ी में भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही के दौरान ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। प्रशासन की मौजूदगी में जैसे ही अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरु की गई प्रभावितों ने रोजगार व पुर्नवास की मांग को लेकर ग्रामीणों ने अपना विरोध जताया और काम रुकवा दिया।

**खास बात**

- ग्रामीणों ने सभी खाताधारकों के रोजगार और पुनर्वास को लेकर खोला मोर्चा


ग्रामीणों से वार्ता करते प्रशासनिक अधिकारी।

उल्लेखनीय है कि केपीएल विस्तार परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण क्षेत्र में कुल 795 खाताधारक हैं, जिनमें से अब तक 128 खाताधारकों को पत्र जारी किया जा चुका है। प्रशासन भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ा रहा है, वहीं प्रभावित ग्रामीणों का कहना है कि उनकी आजीविका का मुख्य आधार उनकी जमीन है। ऐसे में सभी प्रभावित परिवारों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए रोजगार की स्पष्ट व्यवस्था की जानी चाहिए। ग्रामीणों ने प्रशासन के समक्ष मांग रखी कि केवल कुछ लोगों को ही नहीं बल्कि भूमि अधिग्रहण से प्रभावित सभी 795 खाताधारकों को रोजगार दिया जाए। उनका कहना है कि जब तक रोजगार और पुनर्वास को लेकर ठोस आश्वासन नहीं मिलता, तब तक अधिग्रहण कार्य आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा। विरोध की सूचना मिलते ही एसडीएम सरोज महिलांगे और अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और सहमति के आधार पर समाधान निकालने का प्रयास किया।

---

# युवक के बाद अब मवेशी को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में दंतैल हाथी का खौफ बदस्तूर जारी है। यहां के बासीन परिसर में रविवार रात एक युवक को मौत के घाट उतारने के बाद दंतैल ने आज तड़क़े मातीन गांव में एक मवेशी की जान ले ली थी तो वहीं जटगा रेंज की सीमा को पार कर ऐतमानगर रेंज अंतर्गत पचरा वन परिसर पहुंच गया। हाथियों का दल अभी पचरा परिसर के मातीन जंगल में घूम रहा था कि आज सुबह नदी किनारे चारा चर रहे एक मवेशी (भैस) को दल में मौजूद लोनर ने उठाकर पटक दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। हाथी के हमले में भैंस के मारे जाने की जानकारी मिलने पर मवेशी मालिक त्रिभुवन पिता नंदलाल घटना स्थल पर पहुंचा और इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर वन अमला मौके पर पहुंचकर आगे की कार्यवाही में जुट गया है। वहीं हाथियों के दल के मातीन क्षेत्र में पहुंचने की सूचना ग्रामीणों को देते हुए उन्हें सतर्क करने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। हाथियों के दल के मौजूदगी वाले मातीन व आसपास के गांव में मुनादी कराई जा रही है। इस बीच परला क्षेत्र में मौजूद 18 हाथियों के दल ने भी अपना लोकेशन बदलते हुए केंदई रेंज के कोरबी परिसर में प्रवेश कर लिया है। हाथियों के दल को आज सुबह यहां के जंगल में मंडराते हुए देखे जाने के बाद वन अमला सतर्क हो गया और हाथियों की निगरानी बढ़ा दी गई है।

---

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वाहनों को किया गया लॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सडक़ सुरक्षा जागरूकता को लेकर ध्यानचंद चौराहा, राताखार बाईपास, बालको नगर मार्ग पर पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। नाइट पेट्रोलिंग के अंतर्गत कार्रवाई की गई। इस दौरान देखा गया कि आम रास्ते पर मनमाने तरीके से कहीं पर भी वाहनों को पार्क कर दिया गया।

इस वजह से जहां एक तरफ ट्रैफिक रूल्स का उल्लंघन हुआ वहीं दूसरी समस्याएं खड़ी हुई। पुलिस ने इन मामलों में चारपहिया गाडिय़ों पर लॉक की कार्रवाई की। नियमों के अंतर्गत ऐसे प्रकरणों में पेनाल्टी लगाई गई। इस दौरान गाड़ी चालक और मालिकों को अवगत कराया गया की पार्किंग के नियम क्या है और अगर किसी भी कारण से इसकी अनदेखी की जाती है तो इसमें एक्शन होना है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले और नीतिश ठाकुर के मार्गदर्शन में इस कार्रवाई को फील्ड स्टाफ की ओर से किया गया। बताया गया कि ट्रैफिक से जुड़ी समस्याओं को निराकृत करने के लिए प्लानिंग की गई है और इस पर क्रियान्वयन जारी है।



---

# पंप हाउस बस्ती में देर रात तक नहीं लौटी थी बिजली बस्तीवासियों ने सब स्टेशन में मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सोमवार की देर शाम मौसम में अचानक करवट बदली थी और तेज आंधी बारिश हुई थी जिसकी वजह से शहर सहित कई क्षेत्र ब्लैक आउट हो गए थे। विद्युत विभाग की टीम ने एक-एक कर क्षेत्र को विद्युत व्यवस्था को बहाल करना शुरू किया था लेकिन पंप हाउस सहित इलाकों की विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं हो पाई थी। जिससे पंप हाउस बस्ती के लोग सब स्टेशन जा धमके थे। यहां बात नहीं बनी तो रात को महापौर के घर पहुंचे, जहां महापौर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किया था जिसके बाद देर रात को विद्युत व्यवस्था बहाल हो पाई थी। उल्लेखनीय है कि सोमवार की शाम तेज आंधी तूफान की वजह से शहर की विद्युत व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गई थी बारिश के थमते ही विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम ने शहर की विद्युत व्यवस्था को बहाल करना शुरू किया था और एक-एक कर विद्युत व्यवस्था को बहाल किया गया, लेकिन देर रात होने के बाद भी पंप हाउस की विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं हो पाई थी, जिससे स्थानीय लोगों का आक्रोश फूड पड़ा था और पंप हाउस बस्ती में रहने वाले दर्जनों लोग तुलसी नगर जोन ऑफिस जा पहुंचे और जमकर हंगामा किया। जिसके बाद यहां रहने वाले लोग महापौर संजू देवी राजपूत के घर जा पहुंचे। जहां संजू देवी राजपूत ने बस्तवासियों की फरियाद पर तत्काल एक्शन लेते हुए विद्युत विभाग के अफसर को संपर्क किया। इस दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी की पंप हाउस बस्ती के समीप ही विद्युत प्रवाहित तार पर एक पेड़ धराशाई हो गई है जिसकी वजह से यह विद्युत व्यवस्था बहाली हो पाई है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि उनके द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है और रात लगभग 12:00 बजे विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम ने विद्युत व्यवस्था को बहाल किया तब जाकर मामला शांत हुआ।


फाइल फोटो

**खास बातें**

- महापौर के निर्देश पर देर रात को विद्युत व्यवस्था की गई बहाल
- आंधी तूफान की वजह से 11 केवी तार में पेड़ हो गई थी धाराशायी

---

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

**कोरबा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसमा में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाने का आह्वान किया। इस दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत सहित जनप्रतिनिधियों उपस्थित रहे।

---

## खबर संक्षेप

### प्रमोद बने कोतवाली प्रभारी

**कोरबा।** सोमवार को ही पुलिस विभाग में कसावट लाने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कई निरीक्षकों का तबादला आदेश जारी किया था। जिसमें कटघोरा थाना प्रभारी धरमनारायण तिवारी को कोतवाली थाना प्रभारी बनाया गया था। सूत्र बताते हैं कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मंगलवार को एक नया आदेश जारी किया है जिसमें प्रमोद डडसेना को पुलिस लाईन से कोतवाली थाना का प्रभारी बनाया है।

### शिक्षा ही सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला : प्रेमचंद



**हरदीबाजार।** विकासखंड पाली अंतर्गत आमगांव शासकीय हाईस्कूल में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई, विधायक श्री पटेल ने कहा कि नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षा ही सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है। हमारा संकल्प है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर अवसर उपलब्ध हों। इस अवसर पर पूर्व जिला मंत्री नरेश टंडन, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा विजय राठौर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पंकज ध्रुर्वा, छोटे लाल पटेल, बजरंग यादव, प्राचार्य एलके डहरिया, शिक्षक राजकुमार निर्मलकर, पूनम अहिर, वसुंधरा कुर्रे, प्रा. प्रधान पाठक पुष्पा पाण्डेय सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### गोड़मा में प्रवेशोत्सव पर छात्रों को पुस्तकों का किया वितरण




**कोरबा।** विकासखंड कोरबा अंतर्गत संकुल गोड़मा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोड़मा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती की वंदना शिक्षिका श्रीमती पुष्पा कंवर के मार्गदर्शन एवं प्रधान पाठक शिवराज कुमार शर्मा के संगीत निर्देशन में सस्वर प्रस्तुत किया गया। अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत कर पुस्तक तथा गणेश प्रतिमा दी गई। 'नेवता भोज करायी गया। अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। ग्राम के सरपंच इंद्रजीत सिंह राठिया, जनपद सदस्य रजगामार श्रीमती उषा कुर्रे, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्रीमती गणेशी राठिया, उपाध्यक्ष श्रीमती सुशीला केंवट, सदस्य घुरुऊ सिंह राठिया, दिनेश कुर्रे, नोडल प्राचार्य जितेंद्र कुमार साहू, संकुल समन्वयक भास्कर प्रताप सिंह अतिथि थे। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ शिक्षक रंगनाथ तिवारी, श्रीमती उषा पैंकरा, निर्मल कुमार साहू, नारायण सिंह कंवर, श्रीमती ज्योति शर्मा, श्रीमती पुष्पा कंवर, कन्हैया लाल टंडन का सहयोग रहा।

### चैतमा संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



**चैतमा।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव संकुल प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय सेजस चैतमा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुकालू प्रजापति, सरपंच राज लाल सिन्द्राम, अमरनाथ कैवर्त पूर्व एसएमडीसी अध्यक्ष, डीके आदिले संसद प्रतिनिधि, धनेश्वरी सिन्द्राम, सीपी जायसवाल, इशराक मोहम्मद, शिव पटेल जनपद सदस्य प्रतिनिधि सदस्य, संकुल प्राचार्य चंद्राणी सोम संकुल समन्वयक ओंकार साहू, विवेक ज्योति खांडेकर, दिलीप तंवर, बलराम छत्रिय, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में पालकगण और ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सुकालू प्रजापति अध्यक्ष, सरपंच, अतिथियों ने नए बच्चों का तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत, निःशुल्क गणवेश और पुस्तकें वितरण किया।

### चोरी के मामले में दो नाबालिग सहित 3 गिरफ्तार

**कोरबा।** कुसमुण्डा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी। जिसके आधार पर पुलिस की टीम ने पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा के कोसमंदा निवासी अविनाश कुमार यादव पिता लखन लाल यादव, उम्र 18 को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया था। जिसने अपने दो नाबालिग साथियों के साथ मिलकर अलग-अलग क्षेत्रों में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने कुसमुंडा के कपड़ा दुकान में छप्पर तोड़कर चोरी की थी। साथ ही कुसमुंडा के ही इलेक्ट्रॉनिक सामान एवं अन्य वस्तुओं की चोरी की गई थी। इसके अलावा उरगा के एक मोबाइल दुकान में भी घटना को अंजाम दिया था। आरोपी एवं विधि-संघर्षरत बालकों के कब्जे से मोबाइल फोन, इनवर्टर व बैटरी, कपड़े एवं जूते तथा अन्य घरेलू व इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त किया गया है। पुलिस टीमें फरार अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हैं।

---

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह जून 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह जून 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जुलाई 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर, 10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411